# बिहार सरकार
## ग्रामीण कार्य विभाग

–::ज्ञापन::–

जिला पदाधिकारी, पश्चिम चम्पारण, बेतिया के पत्रांक–156 दिनांक 17.03.2025 के माध्यम से कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, नरकटियागंज का निर्धारित कार्यालय अन्यत्र स्थान पर संचालित किये जाने से संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी, बेतिया एवं नरकटियागंज से प्राप्त स्थल निरीक्षण प्रतिवेदन के आधार पर स्पष्ट है कि कार्य प्रमंडल, नरकटियागंज का समानान्तर कार्यालय बेतिया में निजी भवन में अवैध रूप से संचालित किया जा रहा है। इसमें श्री मनीष कुमार, तदेन कार्यपालक अभियंता, कार्य प्रमंडल, बगहा–1, अतिरिक्त प्रभार ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, नरकटियागंज का प्रत्यक्ष रूप से संलिप्तता एवं गलत मंशा दिखाई पड़ती है।

2. श्री मनीष कुमार, तदेन कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, बगहा–1 अतिरिक्त प्रभार कार्य प्रमंडल, नरकटियागंज के विरूद्ध उक्त प्रतिवेदित आरोपों पर आरोप पत्र गठित किया गया है तथा उक्त आरोपों की बिहार सरकारी सेवक, (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमवाली, 2005 के नियम–17/19 के संगत प्रावधानों के अधीन जाँच करने का प्रस्ताव है।

3. उक्त आरोपों से संबंधित आरोप पत्र तथा प्रत्येक आरोप के मदों को सिद्ध करने वाले साक्ष्य अभिलेखों की प्रतियाँ संलग्न करते हुए श्री मनीष कुमार, तदेन कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, बगहा–1 अतिरिक्त प्रभार कार्य प्रमंडल, नरकटियागंज सम्प्रति तकनीकी सलाहकर, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अंचल, बेगूसराय से अपेक्षा की जाती है कि अधिकतम एक पक्ष (15 दिनों) के अन्दर अपने बचाव का लिखित अभिकथन अवश्य प्रस्तुत करें।

4. श्री मनीष कुमार को सूचित किया जाता है कि उक्त आरोप के मदों के संबंध में बचाव का लिखित अभिकथन उपर विनिर्दिष्ट अवधि तक प्राप्त नहीं होने पर, विभागीय जाँच एकपक्षीय/उपलब्ध साक्ष्य अभिलेखों के आधार पर कर ली जायेगी।

कृपया इस ज्ञापन की प्राप्ति स्वीकार किया जाय।

Skumar
24/5/25
(संजय कुमार)
अवर सचिव

ज्ञाप सं0–03/अ0प्र0–08–11/2025

पटना, दिनांक

प्रतिलिपि :– श्री मनीष कुमार, तदेन कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, बगहा–1 अतिरिक्त प्रभार कार्य प्रमंडल, नरकटियागंज सम्प्रति तकनीकी सलाहकर, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अंचल, बेगूसराय को आरोप पत्र तथा साक्ष्य अभिलेखों की प्रतियों के साथ सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

Skumar
24/5/25
अवर सचिव

क0प0उ0

ज्ञाप सं0–03/अ0प्र0–08–11/2025 4586/Ap पटना, दिनांक 25.4.25

प्रतिलिपि :– अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अंचल, बेगूसराय और बेतिया /कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, बगहा–1/नरकटियागंज एवं प्रशाखा पदाधिकारी–6, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

आई0टी0 मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना को संबंधित के ईमेल पर अनुलग्नक सहित अपलोड करने हेतु प्रेषित।

अनुलग्नक :– यथोक्त।

Kumar
25/4/25
अवर सचिव

**बिहार सरकारी सेवकों के विरूद्ध आरोप पत्र का गठन विनियमावली 2017 के आलोक में श्री मनीष कुमार, कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, बगहा–1, अतिरिक्त प्रभार नरकटियागंज के विरूद्ध आरोप पत्र का गठन।**

भाग–1– आरोपित सेवक से संबंधित व्यक्तिगत सूचनाएँ

## आरोप पत्र

| | | |
|---|---|---|
| 1. नाम | :– | श्री मनीष कुमार |
| 2. पदनाम | :– | कार्यपालक अभियंता |
| 3. जन्म तिथि | :– | 24.02.1985 |
| 4. सेवानिवृति की तिथि | :– | 28.02.2045 |
| 5. सेवा/संवर्ग का नाम | :– | बिहार अभियंत्रण सेवा |
| 6. पद समूह एवं विभाग | :– | ग्रामीण कार्य विभाग |
| 7. वरीयता क्रम/सिविल लिस्ट क्रमांक | :– | 184/2024 |
| 8. वेतनबैंड एवं ग्रेड पे/वेतन स्तर | :– | L-11 |
| 9. आरोप वर्ष एवं तत्कालीन पदस्थापन | :– | 2024–25 |
| 10. बिहार पेंशन नियमावली के नियम 43 (बी) के तहत कालबाधित होने की तिथि | :– | |

2/4/25

(संजय कुमार)
संयुक्त सचिव

## भाग–2–अवचार या कदाचार के लांछनों का सार

(1) जिला पदाधिकारी, पश्चिम चम्पारण, बेतिया के द्वारा पत्रांक–156 दिनांक 17.03.2025 के माध्यम से कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, नरकटियागंज का निर्धारित कार्यालय अन्यत्र स्थान पर संचालित किये जाने से संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी, बेतिया एवं नरकटियागंज से प्राप्त स्थल निरीक्षण प्रतिवेदन के आधार पर जाँच प्रतिवेदन उपलब्ध कराया गया है।

(2) जाँच प्रतिवेदन से स्पष्ट है कि कार्य प्रमंडल, नरकटियागंज का समानान्तर कार्यालय बेतिया में भी निजी भवन में अवैध रूप से संचालित किया जा रहा है। इसमें श्री मनीष कुमार, कार्यपालक अभियंता, कार्य प्रमंडल, बगहा–1, अतिरिक्त प्रभार ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, नरकटियागंज का प्रत्यक्ष रूप से संलिप्तता दिखाई पड़ती है।

(3) इस प्रकार विभाग को बिना सूचना के अवैध रूप से निर्धारित कार्यालय से अन्यत्र कार्यालय संचालित करना श्री मनीष कुमार, कार्यपालक अभियंता, कार्य प्रमंडल, बगहा–1 अतिरिक्त प्रभार कार्य प्रमंडल, नरकटियागंज की गलत मंशा को दर्शाता है। साथ ही उनका यह कृत्य स्वेच्छाचारिता एवं अनुशासहीनता का द्योतक होने के साथ–साथ बिहार सरकारी सेवक आचार नियमावली के नियम–3 के सुसंगत प्रावधानों का उल्लंघन है।

21/4/25

(संजय कुमार)
संयुक्त सचिव

## भाग–3 अवचार या कदाचार के लांछनों का अभिकथन

जिला पदाधिकारी, पश्चिम चम्पारण, बेतिया के द्वारा पत्रांक–156 दिनांक 17.03.2025 के माध्यम से कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, नरकटियागंज का निर्धारित कार्यालय अवैध रूप से अन्यत्र स्थान पर संचालित किये जाने से संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी, बेतिया एवं नरकटियागंज से प्राप्त स्थल निरीक्षण प्रतिवेदन के आधार पर जाँच प्रतिवेदन उपलब्ध कराया गया।

2. उपर्युक्त से संबंधित जाँच प्रतिवेदन में निम्न तथ्य प्रतिवेदित है :–

(क) अनुमंडल पदाधिकारी, नरकटियागंज के पत्रांक–268 दिनांक 17.03.2025 के माध्यम से प्राप्त जाँच प्रतिवेदन का सार निम्न है :–

ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, नरकटियागंज में अवस्थित एवं संचालित होने के संबंध में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, नरकटियागंज से जाँच करायी गई। प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, नरकटियागंज द्वारा पत्रांक–305, दिनांक 17.03.2025 के माध्यम से जाँच प्रतिवेदन में प्रतिवेदित है कि उक्त कार्यालय नरकटियागंज में अवस्थित सरकारी कार्यालय परिसरों यथा प्रखण्ड/ अनुमंडल कार्यालय परिसर, गंडक नहर परियोजना कार्यालय परिसर अथवा त्रिवेणी नहर कार्यालय परिसर इत्यादि में नहीं पाया गया। स्थानीय लोगों से पूछ–ताछ के क्रम में यह बात प्रकाश में आयी कि उक्त कार्यालय एक निजी भवन में संचालित है, जो नरकटियागंज के हरदिया मोड़ के समीप लौरिया–नरकटियागंज मार्ग पर अवस्थित है। कार्यालय का भवन दो मंजिला है, जिसमें भूतल पर एक हिस्से में कार्यालय अवस्थित पाया गया। मुख्य दरवाजे पर बोर्ड अवस्थित था जिस पर ''**कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, नरकटियागंज, पश्चिम चम्पारण**'' अंकित पाया गया। कमरों में कार्यालय के उपस्कर तथा संचिका/अभिलेख इत्यादि रखे पाये गये। कार्यालय में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मियों की सूची पायी गई, जिसके अनुसार कुल 28 व्यक्ति के पदस्थापन का उल्लेख था। जाँच के क्रम में केवल तीन परिचारी यथा मो० खुर्शीद आलम, श्री अर्जुन राउत, श्री अखिलेश कुमार मिश्रा ही उपस्थित पाये गये। अन्य सभी अधिकारी /कर्मी/ लिपिक आदि अनुपस्थित पाये गये। उपस्थित परिचारियों द्वारा बताया गया कि यह कार्यालय 2009 से इसी भवन में अवस्थित है। यद्यपि कार्यालय में उपलब्ध उपस्कर एवं कागजातों के अवलोकन से प्रतीत होता है कि कार्यालय विधिवत तरीके से क्रियाशील नहीं है।

(ख) अनुमंडल पदाधिकारी, बेतिया के पत्रांक–206 दिनांक 17.03.2025 के माध्यम से प्रखंड विकास पदाधिकारी, बेतिया सदर तथा कार्यपालक दंडाधिकारी, बेतिया सदर द्वारा सरस्वती नगर, बानुछापर, बेतिया के निजी भवन में कथित रूप से संचालित विभागीय कार्यालय ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, नरकटियागंज का संयुक्त जाँच प्रतिवेदन जिला पदाधिकारी, पश्चिम चम्पारण, बेतिया के माध्यम से उपलब्ध कराया गया, जिसका सार निम्न है :–

दिनांक 17.03.2025 को लगभग 2:30 बजे अपराह्न में जाँच के क्रम में पाया गया कि प्रश्नगत भवन श्री अरूण कुमार श्रीवास्तव का है जो सरस्वती नगर, बानुछापर, बेतिया में अवस्थित है। प्रश्नगत स्थल पर उपस्थित लोगों से पूछताछ करने पर लोगों ने बताया कि श्री अरूण कुमार श्रीवास्तव पटना में रहते है और कभी–कभी ही घर आते है। मकान में कई कमरें हैं जिसमें अलग अलग लोग किराये पर रहते है। जांच के दौरान केवल दो कमरा खुला हुआ पाया गया जिसमें किरायेदार रहते थे। कार्यालय कक्ष मकान के पिछले हिस्से में था, जिसमें एक बरामदा एवं दो

कमरे थे। एक कमरे में श्री सिकन्दर कुमार, लेखा लिपिक बैठे थे एवं एक संवेदक भी थे। जबकि दूसरे कमरे में श्री शिवम कुमार एवं श्री निर्मल कुमार, डांटा ऑपरेटर बैठे थे। श्री सिकन्दर कुमार, लेखा लिपिक के द्वारा बताया गया कि वे अक्सर इस कमरे में बैठ कर विभागीय कार्य करते है। यही बात दोनों ऑपरेटरों के द्वारा भी बतायी गया।

दोनों कमरें कार्यालयनुमा लग रहे थे जिसमें बहुत सारे एम०बी० एवं कार्यालय फाईल रखे हुए थे। दोनों कमरे में टेबल कुर्सियां, कम्प्यूटर एवं अन्य कार्यालय सामग्रियां एवं कागजात रखे हुये पाये गये। वहां के प्रधान सहायक श्री राजनंदन प्रसाद से लेखा लिपिक श्री सिकन्दर कुमार के मोबाईल पर संपर्क स्थापित किया गया, जिसमें उनके द्वारा बताया गया कि वे जिला कार्यालय में है और फोन काट दिया गया। पुनः फोन लगाने पर जब उन्हें कार्यालय आने के लिए कहा गया तो उनके द्वारा बताया गया कि वह नरकटियागंज जा रहे है और फोन काट दिया गया। श्री सिकन्दर कुमार, लेखा लिपिक से निजी भवन में कार्यालय चलाने का आदेश की प्रति या वरीय पदाधिकारी के अनुमति/आदेश उपलब्ध कराने को कहा गया, परन्तु उनके द्वारा न तो आदेश की प्रति दी गई और न हीं कोई स्पष्ट उतर दिया गया।

(3) जाँच प्रतिवेदन से स्पष्ट है कि कार्य प्रमंडल, नरकटियागंज का समानान्तर कार्यालय बेतिया में भी निजी भवन में अवैध रूप से संचालित किया जा रहा है। इसमें श्री मनीष कुमार, कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, बगहा–1 अतिरिक्त प्रभार कार्य प्रमंडल, नरकटियागंज की प्रत्यक्ष संलिप्तता स्पष्ट होता है।

(4) इस प्रकार विभाग के बिना किसी निदेश के अवैध रूप से कार्य प्रमंडल, नरकटियागंज का निर्धारित कार्यालय से अन्यत्र समानान्तर कार्यालय संचालित करना, श्री मनीष कुमार, कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, बगहा–1 अतिरिक्त प्रभार कार्य प्रमंडल, नरकटियागंज की गलत मंशा को दर्शाता है। साथ ही उनका यह कृत्य स्वेच्छाचारिता एवं अनुशासहीनता का भी द्योतक है जो बिहार सरकारी सेवक आचार नियमावली के नियम–3 के सुसंगत प्रावधानों का उल्लंघन है।

21/4/25

(संजय कुमार)
संयुक्त सचिव

## भाग–4–(क) साक्ष्यों/दस्तावेजों की सूची

| क्र0 सं0 | संबंधित पत्र/अभिलेख | पृष्ठों की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | समाहरणालय, पश्चिम चम्पारण, बेतिया का पत्रांक–156 दिनांक 17.03.2025 की छायाप्रति अनुलग्नक सहित। | कुल 08 पृष्ठ |


## भाग–4–(ख) साक्षियों/गवाहों की सूची


1. कार्यपालक दंडाधिकारी, बेतिया सदर
2. प्रखंड विकास पदाधिकारी, नरकटियागंज, पश्चिम चम्पारण(बेतिया)
3. प्रखंड विकास पदाधिकारी, बेतिया सदर


21/4/25


(संजय कुमार)

संयुक्त सचिव


कार्यालय
कार्यपालक अभियन्ता
ग्रामीण कार्य विभाग







## सभी पदाधिकारियों / कर्मचारियों का नाम पदनाम एवं मोबाईल न0

| क्र0स0 | नाम | पदनाम | मोबाईल सं0 |
|---|---|---|---|
| 1 | श्री मनीष कुमार | कार्यपालक अभियंता | 8986915814 |
| 2 | श्री रवी रंजन न0-1 | प्रमंडलीय लेखा पदाधिकारी | 9431461666 |
| 3 | अरुण कुमार | सहायक अभियंता कार्य अंचल, प्रमंडल, मैनाटाड़ | |
| 4 | श्री रामचन्द्र प्रसाद | सहायक अभियंता कार्य अंचल, प्रमंडल, गौनाहा | |
| 5 | श्री रोहित कुमार | सहायक अभियंता कार्य अंचल, प्रमंडल, चनपटिया | 7277263120 |
| 6 | श्री मनोज कुमार | सहायक अभियंता कार्य अंचल, प्रमंडल, नरकटियागंज | 6203901878 |
| 7 | श्री राम दुलार चौहान | कनीय अभियंता कार्य प्रशाखा, नरकटियागंज | 9075220635 |
| 8 | श्री नवीन कुमार | कनीय अभियन्ता, कार्य प्रशाखा, सिकटा-1 | 9835044020 |
| 9 | श्री अजीत कुमार शर्मा | तकनीकी पर्यवेक्षक, कार्य प्रशाखा, चनपटिया-3 | 8969648217 |
| 10 | श्री सुगन कुमार | तकनीकी पर्यवेक्षक, कार्य प्रशाखा, सिकटा-2 | 7903549715 |
| 11 | श्री सुधांशु राम | तकनीकी पर्यवेक्षक, कार्य प्रशाखा, चनपटिया-2 | 7033000871 |
| 12 | श्री राजनन्द प्रसाद | प्रधान लिपिक | 7033142490 |
| 13 | श्री सिकन्दर कुमार | लेखा लिपिक | 9934206396 |
| 14 | श्री रजनीश कुमार | निम्नवर्गीय लिपिक | 9955239180 |
| 15 | श्री मुन्ना कुमार राय | सहायक लेखा प्रबंधक | 6207817752 |
| 16 | श्री सोनु कुमार | सहा0आई0टी0 प्रबंधक | 7979950033 |
| 17 | श्री शिवम कुमार | कम्प्युटर ऑपरेटर | 9801507363 |
| 18 | श्री निर्मल कुमार | अतिरिक्त कम्प्युटर ऑपरेटर | 9289122987 |
| 19 | श्री लालबाबु राउत | वाहन चालक | 7004263256 |
| 20 | श्री बिजली सिंह | कार्यालय परिचारी | 9955621968 |
| 21 | श्री विपिन चन्द्र मिश्रा | कार्यालय परिचारी | 7765001322 |
| 22 | श्री लक्ष्मण प्रसाद | कार्यालय परिचारी | 7979715011 |
| 23 | श्री अर्जुन राउत | कार्यालय परिचारी | 8757584642 |
| 24 | श्री अनुप कुमार | कार्यालय परिचारी | 9973748906 |
| 25 | श्री संदीप कुमार | कार्यालय परिचारी | 9123470448 |
| 26 | श्री फैयाज आलम | कार्यालय परिचारी | 7541916700 |
| 27 | मो0 खुर्शीद आलम | कार्यालय परिचारी | 9973055127 |
| 28 | श्री अखिलेश कमार मिश्रा | कार्यालय परिचारी | 6204885159 |

# प्रखण्ड कार्यालय, नरकटियागंज, पश्चिम चम्पारण, बेतिया (बिहार)

पत्रांक– 305 /

प्रेषक,

प्रखण्ड विकास पदाधिकारी,
नरकटियागंज।

सेवा में,

अनुमंडल पदाधिकारी,
नरकटियागंज।

दिनांक 17 / 03 / 2025

विषय :– ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, नरकटियागंज के कार्यालय के संचालन के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक, भवदीय निदेश के आलोक में नरकटियागंज अन्तर्गत ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, नरकटियागंज के कार्यालय के संबंध में स्थानीय स्तर पर जाँच की गई। उक्त कार्यालय नरकटियागंज में अवस्थित सरकारी कार्यालय परिसरो यथा प्रखण्ड/अनुमंडल कार्यालय परिसर, गंडक नहर परियोजना कार्यालय परिसर अथवा त्रिवेणी नहर कार्यालय परिसर इत्यादि में नहीं पाया गया। स्थानीय लोगों से पूछ–ताछ के क्रम में यह बात प्रकाश में आयी कि उक्त कार्यालय एक निजी भवन में संचालित है, जो नरकटियागंज के हरदिया मोड़ के समीप लौरिया–नरकटियागंज मार्ग पर अवस्थित हैं। उक्त भवन दो मंजिला है, जिसमें भूतल पर एक हिस्से में कार्यालय अवस्थित पाया गया। मुख्य दरवाजे पर बोर्ड पाया गया जिसपर "कार्यालय कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, नरकटियागंज, पश्चिम चम्पारण" अंकित पाया गया। कमरों में कार्यालय के उपस्कर तथा संचिका/अभिलेख इत्यादि रखे पाये गये। कार्यालय में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मियों की सूची पायी गई, जिसके अनुसार कुल 28 व्यक्ति के पदस्थापन का उल्लेख था। जाँच के क्रम में केवल तीन परिचारी यथा खुर्शीद आलम, अर्जुन राउत, अखिलेश कुमार मिश्रा उपस्थित पाये गये। उनके द्वारा बताया गया कि यह कार्यालय 2009 से इसी भवन में अवस्थित है। यद्यपि कार्यालय में उपलब्ध उपस्कर एवं कागजातों के अवलोकन से प्रतीत होता है कि कार्यालय विधिवत तरीके से क्रियाशील नहीं है।

प्रतिवेदन भवदीय सेवा में सादर सूचनार्थ समर्पित।

अनु०:– यथोक्त।

विश्वासभाजन,

17.3.25

प्रखण्ड विकास पदाधिकारी,
नरकटियागंज।

# अनुमण्डल कार्यालय, नरकटियागंज, पश्चिम चम्पारण, बेतिया (बिहार)

(SDM Office Narkatiaganj, West Champaran, Bettiah)

sdo-narkatiaganj-bih@gov.in 9473191298

(गोपनीय शाखा)

पत्रांक—...268.... / गो०

प्रेषक,

सूर्य प्रकाश गुप्ता, बि०प्र०से०
अनुमण्डल पदाधिकारी,
नरकटियागंज।

सेवा में,

जिला पदाधिकारी,
पश्चिम चम्पारण, बेतिया।

दिनांक ..17.. / ..03.. / 2025

विषय :— ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, नरकटियागंज के कार्यालय के संचालन के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक, भवदीय से प्राप्त निदेश के आलोक में ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, नरकटियागंज के कार्यालय का नरकटियागंज में अवस्थित एवं संचालित होने के संबंध में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, नरकटियागंज से जाँच करायी गई। प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, नरकटियागंज द्वारा पत्रांक 305, दिनांक 17.03.2025 के माध्यम से जाँच प्रतिवेदन समर्पित किया गया है। जाँच प्रतिवेदन के अनुसार उक्त कार्यालय नरकटियागंज में अवस्थित सरकारी कार्यालय परिसरों यथा प्रखण्ड / अनुमंडल कार्यालय परिसर, गंडक नहर परियोजना कार्यालय परिसर अथवा त्रिवेणी नहर कार्यालय परिसर इत्यादि में नहीं पाया गया। स्थानीय लोगों से पूछ—ताछ के क्रम में यह बात प्रकाश में आयी कि उक्त कार्यालय एक निजी भवन में संचालित है, जो नरकटियागंज के हरदिया मोड के समीप लौरिया—नरकटियागंज मार्ग पर अवस्थित है। उक्त भवन दो मंजिला है, जिसमें भूतल पर एक हिस्से में कार्यालय अवस्थित पाया गया। मुख्य दरवाजे पर बोर्ड अवस्थित था जिसपर "कार्यालय कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, नरकटियागंज, पश्चिम चम्पारण" अंकित पाया गया। कमरों में कार्यालय के उपस्कर तथा संचिका / अभिलेख इत्यादि रखे पाये गये। कार्यालय में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मियों की सूची पायी गई, जिसके अनुसार कुल 28 व्यक्ति के पदस्थापन का उल्लेख था। जाँच के क्रम में केवल तीन परिचारी यथा खुर्शीद आलम, अर्जुन राउत, अखिलेश कुमार मिश्रा ही उपस्थित पाये गये। अन्य सभी अधिकारी / कर्मी / लिपिक आदि अनुपस्थित पाये गये। उपस्थित परिचारियों द्वारा बताया गया कि यह कार्यालय 2009 से इसी भवन में अवस्थित है। यद्यपि कार्यालय में उपलब्ध उपस्कर एवं कागजातों के अवलोकन से प्रतीत होता है कि कार्यालय विधिवत तरीके से क्रियाशील नहीं है।

प्रतिवेदन भवदीय सेवा में सादर सूचनार्थ समर्पित।

अनु०:— यथोक्त।

विश्वासभाजन,
17-03-25

अनुमण्डल पदाधिकारी,
नरकटियागंज।

# —: जांच प्रतिवेदन :—

अनुमंडल पदाधिकारी, बेतिया सदर से प्राप्त निदेश के आलोक में आज दिनांक 17. 03.2025 को समय लगभग 02:30 बजे अपराह्न में सरस्वती नगर, बानुछापर, बेतिया में निजी भवन में कथित रूप से संचालित विभागीय कार्यालय ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, नरकटियागंज का निरीक्षण किया गया।

जांच के क्रम में पाया गया कि प्रश्नगत भवन श्री अरूण कुमार श्रीवास्तव का है। प्रश्नगत स्थल पर उपस्थित लोगों से पूछताछ करने पर लोगों ने बताया कि श्री अरूण कुमार श्रीवास्तव पटना में रहते है और कभी–कभी ही घर आते है। मकान में कई कमरें हैं जिसमें अलग अलग लोग किराये पर रहते है। जांच के दौरान केवल दो कमरा खुला हुआ पाया गया जिसमें किरायेदार रहते थे। कार्यालय कक्ष मकान के पिछले हिस्से में था जिसमें एक बरामदा एवं दो कमरे थे। एक कमरे में सिकन्दर कुमार, लेखालिपिक बैठे थे एवं एक संवेदक भी था। जबकि दूसरे कमरे में शिवम कुमार एवं निर्मल कुमार, डाटा ऑपरेटर बैठे थे। सिकन्दर कुमार, लेखा लिपिक के द्वारा बताया कि वे अक्सर इस कमरे में बैठ कर विभागीय कार्य करते है। यही बात दोनों ऑपरेटरों के द्वारा भी बताया गया।

दोनों कमरें कार्यालयनुमा लग रहे थे जिसमें बहुत सारे एम0बी0 एवं कार्यालय फाईल रखे हुए थे। दोनों कमरे में टेबल कुर्सियां, कम्प्यूटर एवं अन्य कार्यालय सामग्रियां एवं कागजात रखे हुए थे।

वहां के प्रधान सहायक श्री राजनंदन प्रसाद से लेखालिपिक सिकन्दर कुमार के मोबाईल से संपर्क स्थापित किया गया जिसमें उनके द्वारा बताया गया कि वे जिला कार्यालय में है और फोन काट दिया गया। पुनः फोन लगाने पर जब उन्हे कार्यालय आने के लिए कहा गया तो उनके द्वारा बताया गया कि वह नरकटियागंज जा रहे है और फोन काट दिया गया।

सिकन्दर कुमार, लेखा लिपिक से निजी भवन में कार्यालय चलाने का आदेश के प्रति या वरीय पदाधिकारी के अनुमति आदेश उपलब्ध कराने को कहा गया, परन्तु उनके द्वारा न तो आदेश की प्रति दी गई और न हीं कोई स्पष्ट उतर दिया गया।

प्रतिवेदन सादर सूचनार्थ एवं अग्रेतर कार्रवाई हेतु प्रेषित।

17/3/25
प्रखण्ड विकास पदाधिकारी,
बेतिया सदर।

17-3-25
कार्यपालक दण्डाधिकारी,
बेतिया सदर।

17/03/25

# अनुमण्डल कार्यालय, बेतिया सदर, पश्चिम चम्पारण।

(गोपनीय शाखा)

पत्रांक 206 /गो0, दिनांक 17 /03/2025

प्रेषक,

अनुमण्डल पदाधिकारी,
बेतिया सदर।

सेवा में,

जिला पदाधिकारी,
पश्चिम चम्पारण, बेतिया।

विषय— जांच प्रतिवेदन का प्रेषण।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक के संबंध में कहना है कि प्राप्त निदेश के आलोक में सरस्वती नगर, बानुछापर, बेतिया के निजी भवन में कथित रूप से संचालित विभागीय कार्यालय ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, नरकटियागंज के विभागीय कार्यालय की जांच प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, बेतिया सदर एवं कार्यपालक दण्डाधिकारी, बेतिया सदर द्वारा संयुक्त रूप से दिनांक 17.03.2025 को करायी गई।

प्राप्त जांच प्रतिवेदन को इस पत्र के साथ संलग्न कर आवश्यक कार्रवाई हेतु भेजा जा रहा है।

कृपया प्राप्ति स्वीकार किया जाय।

अनु0:—यथोक्त।

विश्वासभाजन

17/3/25

अनुमण्डल पदाधिकारी,
बेतिया सदर।

# समाहरणालय, पश्चिम चम्पारण, बेतिया (बिहार)

Collectorate: West Champaran, Bettiah

:-06254 – 242534 (Off.) E-mail :- dm-bettiah.bih@nic.in

:-06254 – 232535 (Res.)/242576 (Fax) Web :- http://westchamparan.nic.in


(जिला गोपनीय शाखा)

पत्रांक ...156........./गो.,

प्रेषक,

**दिनेश कुमार राय भा.प्र.से.**
जिला पदाधिकारी,
पश्चिम चम्पारण, बेतिया।

सेवा में,

अपर मुख्य सचिव,
ग्रामीण कार्य विभाग,
बिहार, पटना।

दिनांक ..17.../03/2025

विषय :- ग्रामीण कार्य प्रमंडल, नरकटियागंज के कार्यालय संचालन से संबंधित जांच प्रतिवेदन का प्रेषण।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक भवदीय द्वारा प्राप्त निदेश के आलोक में ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, नरकटियागंज के कार्यालय संचालन से संबंधित जांच प्रतिवेदन अनुमंडल पदाधिकारी, बेतिया सदर के पत्रांक 206/गो., दिनांक 17.03.2025 प्राप्त हुआ है। जांच प्रतिवेदन के अनुसार ग्रामीण कार्य प्रमंडल, नरकटियागंज का कार्यालय सरस्वती नगर, बानुछापर, बेतिया में श्री अरूण कुमार श्रीवास्तव के निजी मकान के दो कमरे में चलता हुआ पाया गया। निरीक्षण के समय एक कमरे में श्री सिकन्दर कुमार, लेखा लिपिक एवं दूसरे कमरे में श्री शिवम कुमार तथा निर्मल कुमार, डाटा ऑपरेटर बैठे हुए पाए गए। दोनों कमरे में टेबल, कुर्सी, कम्पयूटर, एम.बी., फाईल इत्यादि सामग्री रखा हुआ पाया गया। निजी भवन में कार्यालय चलाने से संबंधित कोई विभागीय आदेश की प्रति मांगे जाने पर उपस्थित कर्मी द्वारा उपलब्ध नहीं कराया जा सका। सुलभ प्रसंग हेतु जांच प्रतिवेदन अनुलग्नक सहित संलग्न है।

उसी प्रकार अनुमंडल पदाधिकारी, नरकटियागंज के पत्रांक 268/गो. दिनांक 17.03.2025 के द्वारा ग्रामीण कार्य प्रमंडल, नरकटियागंज का कार्यालय नरकटियागंज में संचालन से संबंधित प्रतिवेदन उपलब्ध कराया गया है। जांच प्रतिवेदन के अनुसार ग्रामीण कार्य प्रमंडल, नरकटियागंज का कार्यालय एक निजी भवन में संचालित है, जो नरकटियागंज के हरदिया मोड़ के समीप लौरिया-नरकटियागंज मार्ग पर अवस्थित है। मुख्य दरवाजे पर बोर्ड अधिष्ठापित है जिस पर "कार्यालय कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, नरकटियागंज, पश्चिम चम्पारण" अंकित पाया गया। कार्यालय में उपस्कर, संचिका, अभिलेख इत्यादि पाये गये। निरीक्षण के समय केवल तीन परिचारी यथा- खुर्शीद आलम, अर्जुन राउत एवं अखिलेश कुमार मिश्रा उपस्थित पाये गये। शेष अधिकारी/कर्मी अनुपस्थित पाए गए। उपस्थित परिचारियों के द्वारा बताया गया कि यह कार्यालय वर्ष 2009 से इसी भवन में अवस्थित है। परंतु उपलब्ध उपस्कर एवं कागजातों के अवलोकन से प्रतीत होता है कि कार्यालय विधिवत् तरीके से क्रियाशील नहीं है। सुलभ प्रसंग हेतु जांच प्रतिवेदन अनुलग्नक सहित संलग्न है।

अतः उपरोक्त दोनों जांच प्रतिवेदन की प्रति अनुलग्नक सहित इस पत्र के साथ संलग्न कर भवदीय स्तर से कार्रवाई हेतु भेजा जाता है।

सादर सूचनार्थ समर्पित।

अनुलग्नक :- यथोपरि।

विश्वासभाजन

जिला पदाधिकारी,
पश्चिम चम्पारण, बेतिया।